फतेहगढ़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

कंपू मेल

सड़क हादसों पर सख्ती का ब्रेकः फर्रुखाबाद में फतेहगढ़ पुलिस का बड़ा एक्शन प्लान लागू

कंपू मेल ब्यूरो

फर्रुखाबाद। जनपद में सड़क हादसों में कमी लाने के लिए फतेहगढ़ पुलिस ने बड़े स्तर पर अभियान छेड़ दिया है। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर तक सख्त कार्रवाई और जागरूकता का संयुक्त मॉडल लागू किया गया है, जिसका असर अब सड़कों पर साफ दिखाई देने लगा है। इटावा-बरेली नेशनल हाईवे पर बढ़ते हादसों को देखते हुए थाना राजेपुर क्षेत्र में पुलिस ने खुद पहल करते हुए साइन बोर्ड लगवाए, जिगजैक ड्रम रखवाए और खतरनाक स्थानों को चिन्हित कर सुरक्षा के इंतजाम किए। वहीं थाना अमृतपुर में कस्बा क्षेत्र के भीतर दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा स्पीड टेबल बनवाए गए हैं, जहां पुलिस की लगातार तैनाती भी सुनिश्चित की जा रही है। दुर्घटना बाहुल्य थानों की मॉनिटरिंग खुद एसपी आरती सिंह कर रही हैं। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि अभियान को लगातार जारी रखते हुए जमीनी स्तर पर परिणाम सुनिश्चित किए जाएं। भारत सरकार के 'जीरो फेटलिटी डिस्ट्रिक्ट' प्रोग्राम के तहत भी जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष फोकस किया जा रहा है। पुलिस जहां एक ओर आम जनता को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक कर रही है, वहीं दूसरी ओर विभाग के भीतर भी सख्ती बरती जा रही है। एसपी के स्पष्ट निर्देश हैं कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा न जाए—चाहे वह आम नागरिक हो या पुलिस कर्मी। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले पुलिसकर्मियों के भी लगातार चालान किए जा रहे हैं। एसपी आरती सिंह ने आम जनता से अपील करते हुए कहा है कि बिना हेलमेट वाहन न चलाएं, खुद सुरक्षित रहें और अपने परिवार की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन करना हर जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है। फतेहगढ़ पुलिस एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी सहित विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर सड़क हादसों में कमी लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। जाहिर है कि फर्रुखाबाद में सड़क सुरक्षा को लेकर अब सिर्फ बातें नहीं, बल्कि जमीन पर ठोस कार्रवाई हो रही है—जहां लापरवाही पर सख्ती और सुरक्षा पर पूरा फोकस नजर आ रहा है।

मीडिया सेल फतेहगढ़